Total number of printed pages–7

1 (Sem–2) HIN

2025

HINDI

Paper : HIN0200104

(Hindi Vyakaran)

(हिन्दी व्याकरण)

Full Marks : 60

Time : 2½ hours

The figures in the margin indicate full marks for the questions.

1. निम्नलिखित प्रश्नों के सटीक उत्तर दीजिए : 1×8=8

(क) संधि करके शब्द बनाइए :

महा + ऋषि ; यदि + अपि

(ख) समास साधित करके शब्द की रचना कीजिए :

हाथ के लिए कड़ी ; वीणा है पाणि में जिनके

(ग) 'को' चिह्न जोड़कर एकवचन और बहुवचन में 'लड़की' शब्द की कारकीय रूप-रचना प्रस्तुत कीजिए।

(घ) संबोधन कारक के एकवचन और बहुवचन में 'साधु' शब्द के रूप बनाइए।

(ङ) शुद्ध करके अधोलिखित वाक्य को फिर से लिखिए :

आपका पत्र धन्यवाद-सहित मिला।

(च) निम्नलिखित वाक्य को सरल वाक्य के रूप में प्रस्तुत कीजिए :

सूर्योदय हुआ और अंधकार जाता रहा।

(छ) 'कनक' शब्द के *दो* अर्थ बताइए।

(ज) एकार्थक शब्द 'अभिलाषा' का प्रयोग करके एक वाक्य बनाइए।

2. निम्नलिखित प्रश्नों में से *किन्हीं छः* के उत्तर अत्यन्त संक्षेप में दीजिए : 2×6=12

(क) 'अनु' और 'उप' उपसर्गों के व्यवहार से *दो-दो* शब्द बनाइए।

(ख) 'ता' और 'पन' प्रत्यय-युक्त *दो-दो* शब्दों का उल्लेख कीजिए।

(ग) वचन-परिवर्तन के जरिए निम्नलिखित शब्दों के नये रूप लिखिए :

अध्यापिका ; पहिये ; कामनाएँ ; नीति

(घ) निम्नलिखित शब्दों के पुल्लिंग-रूप लिखिए :

बुढ़िया ; धोबिन ; हथिनी ; औरत

(ङ) दोनों वचनों में 'वह' सर्वनाम की करण कारकीय रूप-रचना प्रस्तुत कीजिए।

(च) सामान्य वर्तमान काल, अन्य पुरुष, पुल्लिंग-स्त्रीलिंग और एकवचन-बहुवचन में 'लिखना' क्रिया की रूप-रचना कीजिए।

(छ) निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए :

(i) लड़के को जोरों का प्यास लगा है।

(ii) कवयित्री ने अपनी कविता पढ़कर सुनाया।

(ज) निम्नलिखित वाक्यों को मिश्र वाक्य में परिवर्तित कीजिए :

(i) परिश्रमी विद्यार्थी को अवश्य सफलता मिलती है।

(ii) हार होने पर चिन्ता करना व्यर्थ है।

(झ) 'आकाश' शब्द के दो पर्यायवाची शब्द बताकर उनका वाक्यों में प्रयोग कीजिए।

(ञ) निम्नलिखित अनेक शब्दों के समूहों के लिए एक-एक शब्द लिखिए :

जिसकी उपमा न हो ; जो संगीत जानता है ; पथ का प्रदर्शन करनेवाला ; जो बहुत कठिनाई से मिलता है

3. निम्नलिखित प्रश्नों में से *किन्हीं चार* के उत्तर संक्षेप में दीजिए : 5×4=20

(क) निम्नलिखित व्यंजन संधियों को साधित करके नियमों का उल्लेख कीजिए :

दिक् + गज ; उत् + नति ; अहम् + कार ; उत् + लास ; परि + छेद

(ख) कर्मधारय समास का स्वरूप स्पष्ट करते हुए *किन्हीं तीन* उदाहरणों के साथ यह बताइए कि उसके जरिए किस प्रकार शब्द बनाए जाते हैं।

(ग) दोनों वचनों में 'मैं' सर्वनाम की कारकीय रूप-रचना प्रस्तुत कीजिए।

(घ) पूर्ण भूतकाल में (तीनों पुरुषों, दोनों वचनों और दोनों लिंगों में) 'खाना' क्रिया की रूप-रचना कीजिए।

(ङ) हिन्दी में निषेधार्थक वाक्यों की रचना एवं प्रयोग पर सोदाहरण प्रकाश डालिए।

(च) निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए :

(i) रजनी या राजू तुम्हें बुलाएगी।

(ii) भाइयों और बहनों! तुमलोग मेरी बात मानो।

(iii) बीस रुपया में यह खिलौने खरीद लो।

(iv) तुम्हें अभी बहुत-सी बातें सीखना है।

(v) ये पंक्तियाँ 'भिक्षुक' कविता से ली है।

(छ) निम्नांकित शब्दों के विपरीतार्थक शब्द लिखिए :

अमावस्या ; उत्थान ; ज्येष्ठ ; सन्यासी ; स्तुति ; निर्मल ; मूर्ख ; सुगन्ध ; स्थूल ; विस्तीर्ण

(ज) निम्नलिखित शब्दों के *दो-दो* अर्थ बताकर वाक्यों में उनका प्रयोग इस प्रकार करें ताकि अर्थ का अन्तर स्पष्ट हो :

आपत्ति ; गुरु ; पत्र ; आम ; उत्तर

4. निम्नलिखित प्रश्नों में से *किन्हीं दो* के सम्यक् उत्तर दीजिए : 10×2=20

(क) उपसर्ग किसे कहते हैं? उपसर्ग के जोड़े जाने पर शब्द के अर्थ पर कैसे प्रभाव पड़ते हैं? 'अति', 'अधि', 'गैर', 'ला' और 'भर' उपसर्गों का प्रयोग करके दो-दो शब्द बनाइए। 2+3+5=10

(ख) 'वचन' क्या है? हिन्दी में वचन के कितने भेद हैं? परसर्ग-सहित संज्ञा-शब्दों के वचन-परिवर्तन पर सोदाहरण चर्चा कीजिए। 2+2+6=10

(ग) भविष्यत् काल किसे कहते हैं? सामान्य भविष्यत् काल में (तीनों पुरुषों, दोनों वचनों और दोनों लिंगों में) 'जाना' और 'पढ़ना' क्रियाओं की रूप-रचना कीजिए। 2+4+4=10

(घ) हिन्दी वाक्य-रचना के सन्दर्भ में पदक्रम और अन्वय के महत्व पर उदाहरण-सहित प्रकाश डालिए।

(ङ) पर्यायवाची शब्द का आशय क्या है? 'अग्नि'; 'आनन्द'; 'गंगा' और 'जल' शब्दों के *तीन-तीन* पर्यायवाची शब्द बताकर उनका वाक्यों में प्रयोग कीजिए। 2+8=10